प्रेस नोट दिनांक 06.04.2025
थाना बारादरी जनपद बरेली

थाना बारादरी #bareillypolice द्वारा आर0डी0 फर्म में हुई चोरी की घटना का 48 घन्टे में सफल अनावरण करते हुए शत प्रतिशत चोरी किये गये माल 05 डीप फ्रिजर (कीमत 03.50 लाख रूपये) एवं घटना में प्रयुक्त 04 पहिया वाहन की बरामदगी कर 01 अभियुक्त को किया गिरफ्तार।

दिनांक 04.04.2025 को वादी श्री अजय गोयल पुत्र ओम प्रकाश गोयल निवासी संजय नगर थाना बारादरी बरेली द्वारा सूचना दी कि उनका आर0डी0 फर्म नाम से आइसक्रीम डीप फ्रिजर रखकर व्यापक स्तर पर आइसक्रीम बेचने का कार्य सांई अस्पताल के पास डा0 के0 एम0 अरोरा के सामने गली में होता है, मेरी कम्पनी में कुल 21 डीप फ्रिजर छोटे एवं 03 बडे डीप फ्रिजर तथा हाथ रिक्शे आदि दुकान/गोदाम पर रात्रि में खडे होते है। दिनांक 03.04.2025 को अज्ञात चोरो द्वारा दुकान का ताल तोडकर 04 पहिया वाहन से 05 डीप फ्रिजर लादकर चुरा ले गये है। सूचना पर थाना बारादरी पर मु0अ0सं0 316/25 धारा 305/331(4)/317(2) बीएनएस बनाम अज्ञात के विरूद्ध अभियोग पंजीकृत किया गया था।

उक्त घटना गम्भीरता से लेते हुए तत्काल अनावरण के क्रम में थाना बारादरी पुलिस द्वारा सीसीटीवी कैमरो व मुखविर खास की सूचना के आधार पर दिनांक 05/06.04.2025 की रात्रि में सटीक सूचना के आधार पर अभियुक्त सौरभ ग्वाल पुत्र श्यामबाबू नि0 गली न0-6 संजयनगर थाना बारादरी जनपद बरेली उम्र 32 वर्ष को घटना में प्रयुक्त वाहन छोटा हाथी नं0 UP25FT9449 व चोरी किये गये 05 डीप फ्रिजर जिनकी कीमत 03 लाख 50 हजार रूपये है के साथ गिरफ्तार किया गया है । घटना में शामिल अन्य 02 अभियुक्त मनोज व गौरव जिसमें एक अभियुक्त मनोज जो उक्त आइसक्रीम फैक्ट्री में काम करता है फरार है जिनकी गिरफ्तारी के लिए टीम का गठन किया गया है । गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुए मा0 न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

नाम पता गिरफ्तारशुदा अभियुक्त –

सौरभ ग्वाल पुत्र श्यामबाबू नि० गली न0-6 संजयनगर थाना बारादरी जनपद बरेली उम्र 32 वर्ष

अभियोग का विवरण

मु0अ0सं0 316/25 धारा 305/331(4)/317(2) बीएनएस थाना बारादरी, बरेली।

विवरण पूछताछः-

अभियुक्त ने पूछताछ में बताया कि मनोज कुमार पुत्र जगन्नाथ जो संजय नगर का ही रहने वाला है तथा आर0डी0 फर्म आइसक्रीम फैक्ट्री में कर्मचारी है। एक दिन अपने साथ होली के बाद गौरव कुमार पुत्र प्रदीप कुमार को लेकर आया तथा यह कहा कि तुम्हारे पास गाडी है अगर सहयोग करो तो मोटा पैसा कमा सकते है । जहां मै आइसक्रीम फैक्ट्री में काम करता हूं , वहां पर बहुत सारे फ्रिजर नये नये रखे रहते है। उन फ्रिजरो को अगर हम लोग रात में चुराकर तुम्हारी गाडी में लादकर ले जाकर अलग स्थान पर रख देंगे और उसका स्टीकर निकाल कर दूसरे को बेच देंगे इस समय गर्मी का मौसम में इन फ्रिजरो की हर दुकानो पर काफी मांग रहती है। हम लोग अच्छे दामो में इन्हे बेच भी लेंगे और किसी को पता भी नही चलेगा और तय योजना के अनुसार दिनांक 03.04.2025 की रात्रि में हम तीनो अपनी इसी गाडी से आइसक्रीम फैक्ट्री पर जाकर ताला तोडकर 05 फ्रीजर लाद लिये थे, चूंकि 05 फ्रिजर ही हमारी गाडी में आ पाये थे नही तो हम लोग और भी फ्रिजर लादते। आज इन फ्रिजरो का स्टीकर निकालकर हम लोग पीलीभीत जाते वहां पर पहले से ही मनोज व गौरव ग्राहक तय किये थे और फ्रिजर लेकर हम रात में निकले ही थे कि पकडे गये। मनोज व गौरव हमसे पहले मोटर साइकिल से चले गये थे ।

विवरण बरामदगीः-

1. 05 अदद डीप फ्रिज (कीमत 03 लाख 50 हजार रूपये)
2. 01 04 पहिया वाहन छोटा हाथी

अभियुक्त को गिरफ्तार करने वाले पुलिस अधि0/कर्म0

1. प्र0नि0 श्री धनन्जय कुमार पाण्डेय थाना बारादरी बरेली ।
2. उ0नि0 कुशलपाल सिंह चौकी प्रभारी मॉडल टाउन थाना बारादरी बरेली ।
3. कां0 484 ललित कुमार थाना बारादरी बरेली ।
4. कां0 3318 निखिल तोमर थाना बारादरी बरेली ।
5. का0 798 पंकज कुमार थाना बारादरी बरेली ।